मंगलवार, 03 जुलाई 2018, पटना, आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी, विक्रम सम्वत 2075, पांच प्रदेश, 21 संस्करण

हिन्दुस्तान

कर संग्रह में पारदर्शिता से टैक्स की चोरी रुकी

दी जानकारी

- जीएसटी लागू होने के बाद करदाताओं की संख्या में इजाफा
- पिछले तीन महीने के दौरान 70 फीसदी का हुआ बढ़ोतरी

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने के बाद देश भर में कर संग्रह में एकरूपता के साथ पारदर्शिता भी आयी है। टैक्स चोरी की आशंका न्यूनतम हो गयी है। केंद्रीय माल एवं सेवा कर, रांची प्रक्षेत्र पटना के प्रधान मुख्य आयुक्त शिव नारायण सिंह ने ये बातें सोमवार को जीएसटी के एक वर्ष पूरा होने के मौके पर आयकर विभाग की ओर आयोजित समारोह में कही। आयोजन केंद्रीय राजस्व भवन (उपभवन) में हुआ था।

श्री सिंह ने कहा कि पूरी प्रणाली कंप्यूटर आधारित है। गड़बड़ी करने वाले पकड़े जाएंगे। कहा कि जीएसटी लागू होने के एक वर्ष के अंदर ही लगभग एक लाख 83 हजार नये करदाताओं ने बिहार में रजिस्ट्रेशन कराया। उन्होंने कहा कि इस साल 4503 करोड़ राजस्व संग्रह किया गया, जबकि पिछले वर्ष 2598 करोड़ का राजस्व संग्रह हुआ था। अभी तक 63 प्रतिशत करदाताओं ने अपना जीएसटी रिटर्न फाइल किया। जिन्होंने रिटर्न फाइल नहीं किया है, उनमें 18 हजार 913 करदाताओं को नोटिस जारी किया गया है। पिछले साल की तुलना में टैक्स संग्रह में 29 फीसदी का ग्रोथ बिहार-झारखंड में हुआ है। बिहार में टैक्स दाताओं की संख्या 82 हजार से बढ़कर एक लाख 66 हजार हो गयी है। तीन महीने के दौरान इसमें 70 फीसदी का बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधान मुख्य आयुक्त, आयकर केसी घुमरिया ने कहा कि जीएसटी के बाद बिहार-झारखंड को मिलाकर 5.20 लाख नए करदाता मिले हैं। आयकर आयुक्त रंजीत कुमार, विनायक चंद्र गुप्ता, नितिन आनंद, डॉ. प्रतिमा, आयुक्त सह सचिव बिहार सरकार और एसआर मलिक महानिदेशक अनुसंधान आयकर, पटना के अलावा बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन, ट्रेड यूनियन, चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने भी विचार रखे।

बेहतर काम करने वाले अधिकारी व कर्मी सम्मानित: जीएसटी में बेहतर काम करने वाले 51 अधिकारियों व कर्मचारियों को मौके पर सम्मानित भी किया गया। माल एवं सेवाकर रांची क्षेत्र, पटना 7 जुलाई तक जीएसटी सप्ताह में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। केंद्रीय राजस्व कॉलोनी, सालिमपुर अहरा, पटना में पौधरोपण और केंद्रीय राजस्व भवन (उपभवन) में सोमवार को रक्तदान शिविर हुआ।

पटना में सोमवार को जीएसटी के एक वर्ष पूरा होने पर आयकर विभाग की ओर से आयोजित समारोह का उद्घाटन करते केंद्रीय माल एवं सेवा कर, रांची प्रक्षेत्र पटना के प्रधान मुख्य आयुक्त शिव नारायण सिंह, प्रधान मुख्य आयुक्त, आयकर केसी घुमरिया व अन्य।